Reg. No……………………………………….    Name…………………………………………………………

## B COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - APRIL 2025

## UGP (HONS.) SEMESTER - 2: ABILITY ENHANCEMENT COURSE (FOR COMMERCE)

### COURSE: 24UHINAEC106-MODERN HINDI PROSE AND TRANSLATION

*(For Regular 2024 Admission)*

Time: 1.5 Hours    Max. Marks - 50

### PART A

**I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।** **(5x2=10)**

1. 'जुलूस' किसका प्रतीक है? (CO1)
2. 'उस गली में मेरे पैरों के निशाँ कैसे हैं' किस विधा की रचना है और लेखक कौन है? (CO2)
3. सुकेश साहनी किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित हैं? (CO2)
4. सुशीला टाकभौरे को किराए पर घर क्यों नहीं मिला? (CO1)
5. लिप्यंतरण कीजिए। (CO5)

    (क) Academy    (ख) Station

6. शब्दानुवाद कीजिए। (CO5)

    (क)Enquiry    (ख) Grand

7. हिंदी में अनुवाद कीजिए। (CO6)

    (क) Please bring me a glass of water
    (ख) May I ask a question?

### PART B

**किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए।** **(4x5=20)**

8. अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (CO1)

    विवेकी राय का जन्म 19 नवंबर 1924 को ज़िला-ग़ाज़ीपुर में और निधन 22 नवंबर 2016 को वाराणसी में हुआ। हिंदी और भोजपुरी भाषा के प्रमुख साहित्यकार एवं ग्रामीण भारत के प्रतिनिधि रचनाकार थे। आज भी विवेकी राय 'कविजी'उपनाम से जाने जाते हैं। इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं:-उपन्यास-सोनमाटी, समर शेष है, मंगल भवन आदि। कहानी-अतिथि, लौटकर देखना आदि। सम्मान-पं.राहुल सांकृत्यायन सम्मान, विद्यासागर सम्मान, विद्यावाचस्पति आदि।

    (क) विवेकी राय का जन्म कब और कहाँ हुआ?
    (ख) वे किन-किन भाषाओं के प्रमुख साहित्यकार थे?
    (ग) वे किनके प्रतिनिधि रचनाकार माने जाते हैं?
    (घ) उनकी प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए?
    (ङ) उन्हें किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?

9. सही मिलान कीजिए। (CO4)

Certificate - सूचना

Heading - लेखा परीक्षा

Basic pay - शीर्षक

Audit - मूल वेतन

Notice - प्रमाण पत्र

- प्रबंधक

10. हिंदी में अनुवाद कीजिए। (CO6)

(क) We have seen the Taj Mahal

(ख) It is raining outside

(ग) The Cuckoo started to sing

(घ) Let him go outside

(ङ) Nice to meet you

11. ग्राहक और दुकानदार के बीच का काल्पनिक वार्तालाप तैयार कीजिए। (CO7)

12. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। (CO6)

वर्षा ऋतु

हिंद महासागर और अरब सागर से भारत की ओर आनेवाली हवाएँ मानसून लेकर आती हैं, जो भारी वर्षा कराती हैं। मानसून जून से सितंबर तक भारत में रहता है, जिसे वर्षा ऋतु के नाम से जाना जाता है। भारत में वर्षा ऋतु ग्रीष्म ऋतु के बाद आती है। किसानों को बड़ी बेसब्री से वर्षा के मौसम का इंतजार रहता है।

13. 'महानगर और मॉल' निबंध में पर्यावरणीय प्रभावों पर किस प्रकार प्रकाश डाला है? (CO3)

## PART C

**किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।** **(2x10=20)**

14. अनुच्छेद पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (CO1)

**<u>न्याय या सोने का सिक्का</u>**

एक दिन अकबर ने बीरबल से पूछा कि अगर उसे सोने के सिक्के और न्याय के बीच विकल्प दिया जाये तो वह क्या चुनेगा। "जहाँपनाह, मैं निश्चित रूप से सोने का सिक्का चुनूँगा।" बीरबल का त्वरित उत्तर आया।अकबर को आश्चर्य हुआ, दरबार में सन्नाटा छा गया। बीरबल के उत्तर से सभी आश्चर्यचकित रह गये। "मुझे इस उत्तर की आशा नहीं थी, बीरबल! न्याय एक मामूली सोने के सिक्के से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है।" अकबर ने निराशा के स्वर में कहा।"मुझे क्षमा करें, महामहिम! लेकिन

मेरा मानना है कि व्यक्ति को वह चीज माँगनी चाहिए जो उसके पास नहीं है। आपके शासन ने यह सुनिश्चित किया है कि हर जगह न्याय हो। हालाँकि मेरे पास पैसे की कमी है, इसलिए मैंने सोने का सिक्का चुना।" अकबर गर्मजोशी से मुस्कुराये और बीरबल को सौ सोने के सिक्कों से पुरस्कृत किया।

क) अकबर ने बीरबल को क्या चुनने का विकल्प दिया?

ख) अकबर को क्यों आश्चर्य हुआ?

ग) बीरबल ने विकल्प में से क्या चुना?

घ) अनुच्छेद को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

15. मॉल में समय बिताना अब एक नया सामाजिक चलन बन गया है।

इसपर अपना मत व्यक्त कीजिए। (CO3)

16. 'शिकंजे का दर्द' में दलित जीवन के संघर्षों, सामाजिक भेदभाव और

उत्पीड़न को किस प्रकार प्रस्तुत किया है? (CO1)

17. 'ठण्डी रजाई' कहानी गरीब परिवारों की कठिनाइयों और

उनके भीतर की उदारताओं को दर्शानेवाली कहानी है। स्पष्ट कीजिए। (CO1)